

# स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना

## उच्च शिक्षा विभाग

## मध्यप्रदेश

E-mail: hesvcgs@mp.gov.in Telephone-0755-2550064

अनियतकालीन ई-समाचार पत्र

# उत्कर्ष

अंक-17, फरवरी 2023

(माघ-फाल्गुन) विक्रम सवंत् 2079










**उद्यमेन हि सिध्यन्ति, कार्याणि न मनोरथै:**
**न हि सुप्तस्य सिंहस्य, प्रविशन्ति मुखे मृगा:**

# शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर (म.प्र)

## एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार मेला







शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार मेला लगाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि हमें मानव संसाधन को अपने ऊपर निर्भर न बनाकर सम्पत्ति के रूप में विकसित करना होगा। जिसके लिए उनके हाथों को कौशल युक्त तथा मस्तिष्क को आइडिया युक्त बनाना होगा। शिक्षा–दीक्षा के संस्कार तो पाठशालाओं में मिल जाते हैं, लेकिन जीवन में हमें क्या करना है, यह निर्णय हमें स्वयं लेना होता है। हमें अपने जीवन में पसंद का काम करने को मिल जाये तो परिणाम कई गुना बेहतर होते हैं। विधायक शैलेन्द्र जैन ने महाविद्यालयों में प्राथमिक उपचार की जागरुकता के लिए कैम्प आयोजित करने के निर्देश भी दिये। अतिरिक्त संचालक डॉ. जी. एस. रोहित ने कहा कि स्वरोजगार से अन्य व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं और अधिक जनसंख्या वाले देशों में रोजगार के लिए यह तरीका कारगर होता है। प्राचार्य डॉ. श्रीमती प्रवीण शर्मा ने कहा कि कौशल के द्वारा अनेक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष नितिन शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन ने रोजगार व स्वरोजगार के लिए हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाई हैं। जिला उद्योग केन्द्र इन योजनाओं के संचालन के लिए वित्त उपलब्ध कराता है। युवाओं को इसका लाभ लेना चाहिए। डॉ. इमराना सिद्दीकी, प्रशासनिक अधिकारी ने डॉ.गौर की जीवनी पर आधारित पुस्तक अतिथियों को भेंट की। कार्यक्रम को डॉ. नीरज दुबे संभागीय समन्वयक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमर कुमार जैन, जिला समन्वयक स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना एवं आभार योजना प्रभारी डॉ. प्रतिभा जैन ने किया। कार्यक्रम के समापन पर विधायक शैलेन्द्र जैन ने लगाये गये 35 स्टॉलों के प्रभारियों को प्रमाण–पत्र वितरित किये। कार्यक्रम में रीतेश तिवारी पार्षद, राजकुमार पटेल पार्षद, प्रासुक जैन, विक्रम सोनी, डॉ. संजीव दुबे, डॉ. मधु स्थापक, डॉ. रंजना मिश्रा, डॉ.सुभाष हर्डीकर, डॉ, जयकुमार सोनी, डॉ. संगीता मुखर्जी, डॉ. संगीता कुँभारे, डॉ. अभिलाषा जैन, डॉ. सुनील साहू, डॉ.दीपक जॉनसन, डॉ.राणा कुंजर सिंह, डॉ. उमाकांत स्वर्णकार, डॉ.संदीप सबलोक, डॉ.स्वदीप श्रीवास्तव सहित अतिथि विद्वान उपस्थित थे। जिला व्यापार केन्द्र, जिला रोजगार कार्यालय, जेल विभाग, खाद्य सुरक्षा, विचार समिति, स्वरोज सोसायटी, एक्यूप्रेशर सेंटर, हेल्थ केयर फार यू के साथ कन्या महाविद्यालय के द्वारा लगाये गये स्टालों की प्रस्तुति उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर जियो, एल.आई.सी.,स्वराज सोसाइटी तथा जस्ट डायल कम्पनियों ने विद्यार्थियों का चयन किया।



# राजाभोज शासकीय महाविद्यालय,मंडीदीप जिला रायसेन(म.प्र)

## तीन माह का ब्यूटीशियन/ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का आयोजन






कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, राजाभोज शासकीय महाविद्यालय मंडीदीप एवं आदरणीय श्री राजीव अग्रवाल जी अध्यक्ष इंडस्ट्रियल एसोसिएशन मंडीदीप के द्वारा छात्राओं के लिए तीन माह का ब्यूटीशियन/ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिससे कि वे आत्मनिर्भर बनें और अपना स्वयं का ब्यूटी पार्लर स्थापित कर सकें ।ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए पूर्णतः निशुल्क रखा गया। ब्यूटीशियन प्रशिक्षण में आने वाला व्यय इंडस्ट्रियल एसोसिएशन मंडीदीप के अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल जी के द्वारा किया गया। महाविद्यालय परिवार ने श्री राजीव अग्रवाल जी का आभार व्यक्त किया। ब्यूटीशियन/ब्यूटी पार्लर कोर्स का उद्घाटन जनभागीदारी के अध्यक्ष श्री रामनिवास पाल जी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। साथ ही कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, राजाभोज शासकीय महाविद्यालय मंडीदीप तथा उद्यमिता विकास केंद्र, रायसेन के द्वारा महाविद्यालय में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

उद्घाटन समारोह में उद्यमिता विकास केंद्र के जिला समन्वयक डॉ. एस. एस. बघेल, कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जिला नोडल अधिकारी डॉ. उषा सोलंकी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश खरे एवं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए जनभागीदारी के अध्यक्ष आदरणीय रामनिवास पाल जी ने कहा ब्यूटीशियन का कोर्स वर्तमान समय में सबसे ज्यादा चलने वाला व्यवसाय है और इस प्रशिक्षण के बाद निश्चित रूप से विद्यार्थी आत्मनिर्भर बनेंगे, उन्होंने विद्यार्थियों का आव्हान किया कि वे अध्ययन के साथ—साथ व्यावसायिक कौशल से संबंधित प्रशिक्षण अवश्य प्राप्त करें जिससे वह स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकें। डॉ. एस. एस. बघेल जिला समन्वयक ने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को उद्यम स्थापित करने से संबंधित प्रक्रिया एवं शासकीय सेवा में जाने हेतु किस प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करें—की जानकारी प्रदान की। डॉ. उषा सोलंकी, जिला नोडल अधिकारी कॅरियर मार्गदर्शन योजना ने कहा विद्यार्थियों को अपने कौशल को पहचानते हुए उसे और तराशने हेतु लगातार प्रयासरत रहना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. संतोष कुमार भदौरिया द्वारा महाविद्यालय में कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित प्रशिक्षणों की जानकारी दी गई, साथ ही एक सफल उद्यमी में क्या विशेषताएं होनी चाहिए—पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

# शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरपाटन जिला सतना (म.प्र.)


## एच.सी.एल कम्पनी द्वारा तकनीकी कौशल सीखने के साथ–साथ रोजगार हेतु प्रशिक्षण



शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरपाटन में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा गणित विषय के छात्रों हेतु एचसीएल कंपनी द्वारा तकनीकी कौशल सीखने हेतु ट्रेनिंग एवं रोजगार प्रदान करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. सतीश पाठक ने विषय के बारे में बताया एवं एचसीएल कंपनी के अधिकारी श्री पुष्पेंद्र सिंह परिहार का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.एस.पी. सिंह उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम की शिक्षा ही रोजगार के लिए काफी नहीं है अपितु कौशल संवर्धन से ही नए अवसर प्राप्त होते हैं। इसके बाद एच. सी .एल. कंपनी के अधिकारी ने छात्रों को एचसीएल कंपनी एवं उसकी कार्यविधि के बारे में बताया कि किस तरह छात्र कंपनी से जुड़कर ट्रेनिंग कर सकते हैं एवं भविष्य में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान ही छात्रों का ऑन द स्पॉट पंजीकरण किया गया। पंजीकृत छात्रों की एक प्रवेश परीक्षा होगी, जिसमें चयनित होने पर उन्हें कंपनी मे रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्रम में आइक्यूएसी प्रभारी डॉ.एस.एन. मिश्र, संयोजक प्रोफेसर सतीश पाठक, टीपीओ प्रोफेसर नवीन राय, सदस्य श्री पंकज सेन, डॉक्टर सुखेंद्र सिंह,डॉ.गणेश अग्रवाल, डॉ. सचिन श्रीवास्तव एवं छात्र उपस्थित रहे।

# शासकीय महाविद्यालय, नागदा जिला उज्जैन (म.प्र.)

## छः दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण शिविर आयोजित






शासकीय महाविद्यालय नागदा में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के लिए विश्व बैंक उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा छः दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण शिविर आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.पी. बी. रेड्डी के मार्गदर्शनमें किया गया। प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. पूजा शर्मा ने बताया कि छः दिवसीय शिविर में प्रतिदिन दो सत्रों का आयोजन हुआ। विभिन्न तकनीकी सत्रों में विद्यार्थियों को कंप्यूटर व सूचना प्रौद्योगिकी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई तथा कंप्यूटर पर व्यावहारिक कार्य भी करवाया। आधुनिक तकनीकी युग में विद्यार्थियों को आईटी तकनीक का प्रशिक्षण प्रदान कर शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने के विभिन्न प्रयासों के तहत यह नवाचारी कदम महाविद्यालय की तरफ से उठाया गया। इस शिविर के समापन सत्र में मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष राजेश धाकड़ रहे। आईसेक्ट संस्था के मुख्य प्रशिक्षक श्री प्रदीप दुबे एवं प्रकाश दुबे और राहुल मालवीय उपस्थित रहे और इस प्रशिक्षण में सक्रिय रहने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के डॉ. वीणा पारीक, श्री वासुदेव जटावन, डॉ. सुनील प्रसाद, डॉ. आशाराम चौहान, डॉ. उषा वर्मा, डॉ. चांदनी जयसवाल, डॉ. सी. एल. डोडिया, डॉ.पवन अहिरवार उपस्थित रहे। संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. पूजा शर्मा ने किया आभार प्रो. अंजू ठाकुर ने माना।

# शहीद भगतसिंह शासकीय पी.जी.महाविद्यालय, पिपरिया (म.प्र.)

## शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय विद्यार्थियों के प्लेसमेंट हेतु कार्यक्रम का आयोजन



दिनांक 13/12/2022 को शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पिपरिया के स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों के प्लेसमेंट हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन में अन्नपूर्णा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड भोपाल ओरिएंटेशन एवं इंटरव्यू के लिए शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं प्राचार्य डॉ. एस. के. मेहरा के स्वागत उद्बोधन से हुई। श्री राज किशोर दुबे और श्री उर्विश तोषनीवाल ने छात्राओं को कंपनी, जॉब, सैलरी, इंसेंटिव और इस जॉब के अन्य फायदों के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के प्रथम भाग ओरिएंटेशन में लगभग 150 छात्राओं ने और 45 छात्राओं ने इंटरव्यू में भाग लिया, जिसमें से 20 छात्राओं का प्राथमिक चयन किया गया। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार वर्मा, डॉ. राजीव माहेश्वरी, डॉ. अरुण मोहता एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अनिता सेन और टी. पी. ओ. कु. किटी मौर्य द्वारा किया गया।

# बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,भेल भोपाल (म.प्र.)

## उद्यमिता जागरुकता शिविर – 'स्वावलंबन' का आयोजन



बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल ,भोपाल में दिनाँक 14/01/23 को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं प्लेसमेंट सेल के द्वारा उद्यमिता जागरुकता शिविर–'**स्वावलंबन**' का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना को जाग्रत करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मथुरा प्रसाद,अतिरिक्त संचालक (भोपाल–नर्मदा पुरम् संभाग),उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन के द्वारा किया गया। शिविर में विद्यार्थियों ने बहुत ही उत्साह से भाग लिया और स्वयं के द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पादों यथा–हैंडीक्राफ्ट, इडली सांभर, सैंडविच, गुलाब जामुन, भेल पूरी, पानी पूरी, कप केक, चाय, कॉफ़ी, बुटीक आयटम इत्यादि को स्टॉल लगाकर विक्रय कर लाभ अर्जित किया।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय, बीना (म.प्र.)

## स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत औद्योगिक भ्रमण




शासकीय कन्या महाविद्यालय बीना की छात्राओं ने किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. चंदा रत्नाकर ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थी उद्योगों के व्यावहारिक रूप से परिचित होते हैं। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. रश्मि जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वरोजगार के क्षेत्र में रुचि संपन्न छात्राओं का औद्योगिक भ्रमण कराया गया। आचार्य ज्ञानविद्यालोक जन कल्याण समिति मुंगावली का भ्रमण स्थान रहा । इस संस्थान में हथकरघा उद्योग सन 2015 से संचालित है। भ्रमण में महाविद्यालय की 56 छात्राओं ने सहभागिता की। हथकरघा उद्योग संस्थान की संचालक बहन रूबी प्रिया जैन ने छात्राओं को विस्तृत रूप से जानकारी दी। बहन रूबी जैन ने बताया कि हथकरघा एक ऐसा रोजगार है जिसमें बेरोजगार महिला– पुरुष सभी के लिए आत्मनिर्भर बनने का महत्वपूर्ण अवसर है। वर्तमान परिवेश में हथकरघा उद्योग सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है। बहन प्रिया जैन ने कहा कि यह ऐसा उद्योग है जिसमें स्वदेशी प्रेम समाहित है। हथकरघा से निर्मित वस्त्र अहिंसक शैली के होते हैं, इनसे शारीरिक एवं मानसिक शांति का अनुभव होता है। परम पूज्य आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी की प्रेरणा से सन 2015 में मुंगावली में हथकरघा उद्योग प्रारंभ किया गया था। महाविद्यालय की छात्राओं ने धागा तैयार करना, साड़ियों में विभिन्न प्रकार की डिजाइन बनाना, रंग समायोजन, विभिन्न रंगों के धागों का हथकरघा मशीन में प्रयोग करना तथा चरखा के माध्यम से धागा तैयार करने का व्यावहारिक रूप देखा–समझा और सीखा। हथकरघा से जो महिलाएं घर से बाहर नहीं जा सकती हैं वे भी अपने समय का उपयोग कर कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। छात्राओं को घर घर हथकरघा योजना से प्रेरणा मिली। ग्रामीण परिवेश की छात्रा रूबी रजक ने कहा ग्रामीण अंचल की महिलाओं के लिए यह स्वरोजगार का क्षेत्र लाभ का उत्तम माध्यम है। छात्रा सोनाली अहिरवार ने कहा कि हथकरघा संस्थान का औद्योगिक भ्रमण अविस्मरणीय है। कम लागत में पूरा परिवार इस उद्योग के द्वारा आर्थिक रूप से सक्षम बन सकता है। छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण का प्रगति प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया और उसमें घर–घर हथकरघा स्वररोजगार क्षेत्र से जुड़ने की बात भी कही।



# शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गंजबासौदा (म.प्र.)

## उद्यमिता शिविर का आयोजन

दिनांक 26/12/2022 को को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गंजबासौदा में उद्यमिता शिविर का आयोजन किया गया, इसमें विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री रितुज एलिया ने छात्रों को सफल उद्यमी होने के गुण बताए। मुख्य अतिथि श्री प्रवीण शिंदे बैंक मैनेजर एसबीआई ब्रांच) ने विद्यार्थियों को बैंक द्वारा किस तरह ऋण लिया जा सकता है, उसकी योजनाओं से अवगत कराया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. मणि मोहन मेहता के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ एवं इसका संयोजन और समन्वय डॉ कंचन वैद्य,सुश्री सुमन विश्वकर्मा एवं श्रीमती सबीहा मंसूरी के द्वारा किया।






**न कश्चिदपि जानाति किं कस्य श्वो भविष्यति ।**
**अतः श्वः करणीयानि कुर्यादद्यैव बुद्धिमान् ।**

**(कल क्या होगा इसे कोई नहीं जानता अत : कल किए जाने वाले कार्यों को बुद्धिमान व्यक्ति आज ही कर लेते हैं।)**

# उन्नन सौपान

## मानकुँवर बाई शासकीय कन्या कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय जबलपुर (म.प्र.) की विद्यार्थी सुश्री श्रद्दा गर्ग पुलिस आरक्षक संवर्ग जी.डी.में चयन

| | | |
|---|---|---|
| नाम | – | सुश्री श्रद्दा गर्ग |
| जन्मतिथि | – | 02 दिसम्बर 1988 |
| पिता का नाम | – | श्री राम निवास गर्ग |
| पता | – | म.न.2597 सर्वोदय नगर दमोह नाका वार्ड 27 चेरीताल जबलपुर |
| पदस्थापना | – | जिला पन्ना में आरक्षक संवर्ग में चयन |



## श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

### गणतंत्र दिवस कैंप परेड 2023में चयन–



एनसीसी आर्मी विंग श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, ग्वालियर म.प्र.के सीनियर अंडर ऑफीसर अवनीश यादव का चयन गणतंत्र दिवस कैंप परेड 2023नई दिल्ली में "कर्तव्य पथ"(राज पथ) के लिये हुआ है। SUO अवनीश यादव को गणतंत्र दिवस कैंप परेड 2023 के साथ–साथ मध्यप्रदेश– छत्तीसगढ़ निदेशालय द्वारा उपरोक्त परेड हेतु Contingent Commander नियुक्त किया गया है।गणतंत्र दिवस परेड कमांडर के रूप में पूरे देश से जिन कैडिटों को चयनित किया उनमें SUO अवनीश यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया हैं।

## श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

### गणतंत्र दिवस परेड 2023 PM रैली में चयन –



एनसीसी आर्मी विंग के दूसरे SUO गोपाल दीक्षित का चयन गणतंत्र दिवस परेड 2023 में PM रैली के लिये हुआ है।

सुश्री श्रद्दा गर्ग, SUO अवनीश यादव एवं SUO गोपाल दीक्षित को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना की ओर से उज्वल भविष्य की बधाई एवं कोटि–कोटि शुभकामनायें.......

सम्पादक : डॉ. उमेश कुमार सिंह, संपादन सहयोग प्रो. गोविन्द सिंह राय , डॉ.सुधीर कुमार शर्मा